पहले मन को साफ़ करो

पहले मन को साफ़ करो,
फिर साई का ध्यान धरो,
फिर वो तेरी सुनेगा लाखो में तुझको चुनेगा,
पहले मन को साफ़ करो,

मन में तेरे कपट भरा है मुख से मीठा बोले,
फिर कैसे सचदानंद साई द्वार दया का खोले,
मन वाणी को एक करो कर्मो को भी नेक करो,
फिर वो तेरी सुनेगा लाखो में तुझको चुनेगा,
पहले मन को साफ़ करो,

गैरो के दुःख में जो अपने खुद के दुःख को भूले,
वो अपने शुभ कर्मो से साई के दिल को छू ले,
सबसे सदवेहवार करो दुश्मन से भी प्यार करो,
फिर वो तेरी सुनेगा,लाखो में तुझको चुनेगा ,
पहले मन को साफ़ करो,

जग का स्वामी अंतरयामी साई भोला भाला,
भोले पण पर मोहित होता सतगुरु शिरडी वाला,
रब से मत तकरार करो हर गलती स्वीकार करो,
फिर वो तेरी सुनेगा,लाखो में तुझको चुनेगा,
पहले मन को साफ़ करो,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4644/title/pehle-man-ko-saaf-karo-phir-sai-ka-dhyan-dharo-phir-vo-teri-snega-lakho-me-tujhko-chunega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |